रिवॉल्वर के साथ आरोपी गिरफ्तार

- 63 लीटर अवैध शराब जब्त
- पुलिस एवं आबकारी विभाग की संयुक्त कार्रवाई

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 7 जुलाई. थाना देहात पुलिस एवं आबकारी विभाग द्वारा संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी कार्रवाई की गई. कार्रवाई के दौरान 63 लीटर अवैध शराब, एक बिना नंबर की मारुति बलेनो कार, एक देशी रिवॉल्वर (बिना मैगजीन) एवं एक खटकेदार चाकू जब्त किया गया.

जब्त मशरूका की कुल अनुमानित कीमत 5,41,000 है. पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी अधिनियम एवं धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया.

मुखबिर की सूचना पर हुई कार्रवाई

सहायक जिला आबकारी अधिकारी को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति बिना नंबर की मारुति बलेनो कार में अवैध शराब लेकर फेफरताल क्षेत्र में मौजूद है .सूचना पर कार्रवाई करते हुए आबकारी विभाग ने दीपक अहिरवार पिता अशोक अहिरवार निवासी गैरिज लाइन, वर्तमान महिमा नगर को गिरफ्तार किया.

पुलिस ने दर्ज किया मामला

अवैध हथियार संबंधी प्रकरण दर्ज करने का अधिकार आबकारी विभाग के पास नहीं होने से आरोपी एवं जब्त मशरूका थाना देहात को सुपुर्द किया गया. थाना देहात पुलिस ने आबकारी विभाग की सूचना पर मामला दर्ज किया .आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय नर्मदापुरम में पेश किया गया. पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी दीपक अहिरवार के विरुद्ध थाना देहात एवं थाना कोतवाली में लड़ाई-झगड़ा, मारपीट एवं अवैध शराब से संबंधित कुल 16 आपराधिक प्रकरण पहले से दर्ज हैं.

यह सामग्री हुई बरामद

- आरोपी के कब्जे से -07 पेटी अवैध शराब
- 180 एमएल के कुल 350 क्वार्टर (लगभग 63 लीटर)
- एक बिना नंबर की मारुति बलेनो कार
- एक देशी रिवॉल्वर (बिना मैगजीन)
- एक खटकेदार चाकू

पिछले 24 घंटों में जिले में 39 .2 मिमी औसत वर्षा दर्ज

हरदा , 7 जुलाई. जिले में पिछले 24 घंटों के दौरान 39.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई. अधीक्षक भू-अभिलेख ने बताया कि इस अवधि में हरदा तहसील में 32.5 मिमी, टिमरनी में 96.3 मिमी, खिरकिया में 48.2 मिमी, सिराली में 3.1 मिमी तथा रहटगांव में 16 मिमी वर्षा दर्ज की गई. इस वर्ष अब तक जिले में 334.8 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है. हरदा में 362.8 मिमी, टिमरनी में 313.9 मिमी, खिरकिया में 382.6 मिमी, सिराली में 295.8 मिमी तथा रहटगांव में 319.2 मिमी वर्षा दर्ज की गई है.

गत वर्ष 7 जुलाई तक जिले में 291.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई थी.

संस्कार विद्यापीठ का 19वां स्थापना दिवस समारोह

हरदा , 7 जुलाई .संस्कार विद्यापीठ का 19वाँ स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ. समारोह में विद्यार्थियों ने अपनी आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया.

कार्यक्रम का शुभारंभ प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्ने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों से हुआ. इसके पश्चात प्राइमरी विंग के विद्यार्थियों ने भरतनाट्यम शैली में स्वागत गीत प्रस्तुत कर अतिथियों का अभिनंदन किया. छात्रा इशिका राजपूत एवं गुंजन राय ने प्रभावशाली भाषण प्रस्तुत कर विद्यालय की उपलब्धियों एवं शिक्षा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए. इस अवसर पर संस्कार विद्यापीठ की मेधावी छात्रा पूर्णिमा गुर्जर को कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त कर अपना स्थान सुनिश्चित करने पर विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके अभिभावक अशोक गुर्जर का भी सम्मान किया गया. अपने उद्बोधन में उन्होंने इस सफलता का श्रेय संस्कार विद्यापीठ के शिक्षकों, विद्यालय के अनुशासित वातावरण एवं निरंतर मार्गदर्शन को देते हुए सभी के प्रति आभार व्यक्त किया.

समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष, पर्यावरणविद् एवं समाजसेवी गौरीशंकर मुकाती ने छात्रा पूर्णिमा गुर्जर को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि लक्ष्य, परिश्रम और संस्कार ही सफलता की वास्तविक कुंजी हैं. उन्होंने विद्यार्थियों से निरंतर सीखने, अनुशासन बनाए रखने एवं अपने माता-पिता तथा गुरुओं का सम्मान करने का संदेश दिया.

कार्यक्रम में विशेष अतिथियों के रूप में हैप्पी थॉट संस्था के राजीव बाहेती, उमेश शर्मा, आर.एस. मुकाती, सेवा भारती के सुनील भायरे तथा सी.वी. रमन यूनिवर्सिटी एवं हेमा फाउंडेशन से उमेश शर्मा उपस्थित रहे. सभी अतिथियों ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की.

शाला प्रबंधन के नटवर पटेल, नवनीत पटेल, प्राचार्या सुश्री राजेश्वरी गीते, ममता पुजारी समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएँ, अभिभावक एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे.

यूरिया संकट पर कांग्रेस का प्रदर्शन

- किसानों को खाद उपलब्ध कराने की मांग

नवभारत न्यूज

हरदा, 7 जुलाई. जिला कांग्रेस अध्यक्ष मोहन सांई ने किसानों को यूरिया खाद नहीं मिलने का आरोप लगाते हुए सरकार और प्रशासन पर निशाना साधा. उन्होंने कलेक्टर से मुलाकात कर बताया कि जिले में 70-80 हजार हेक्टेयर में मक्का की बोनी हो चुकी है और अब फसल को यूरिया की आवश्यकता है, लेकिन किसानों को समय पर खाद उपलब्ध नहीं हो रही.

उन्होंने कहा कि ई-टोकन प्रणाली में फॉस्फेटिक खाद खरीदने की अनिवार्यता से किसान परेशान हैं, जबकि बोनी के समय डीएपी नहीं मिलने के कारण अब उसकी जरूरत भी नहीं रह गई है. कांग्रेस ने तत्काल पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराने, ई-टोकन व्यवस्था समाप्त करने तथा आगामी रबी सीजन के लिए डीएपी और यूरिया का अग्रिम भंडारण सुनिश्चित करने की मांग की. इस दौरान गोविंद सूरमा, रामदास तोमर, विक्रम चौहान और हरिसिंह राजपूत सहित कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे.

छीतापुरा में सामुदायिक वन अधिकार का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 7 जुलाई.जनपद पंचायत केसला की ग्राम पंचायत छीतापुरा में आयोजित ग्राम सभा में सामुदायिक वन अधिकार (सीएफआर) एवं सामुदायिक वन संसाधन अधिकार (सीएफआरआर) से संबंधित प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया। यह पहल पेसा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन और ग्राम सभाओं को अधिक अधिकार संपन्न बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण मानी जा रही है.

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हिमांशु जैन के मार्गदर्शन तथा जनपद पंचायत केसला के निर्देशानुसार क्षेत्र की ग्राम सभाओं में पेसा अधिनियम के प्रति जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है. जिला समन्वयक (पेसा एक्ट) अरविन्द धुर्वे ने ग्राम सभा को सामुदायिक वन अधिकार एवं वन संसाधन अधिकार से जुड़े कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी . अधिकारों को संरक्षण मिलेगा, वन संसाधनों के सतत प्रबंधन को बढ़ावा मिलेगा तथा ग्राम सभाओं की संवैधानिक भूमिका और अधिक मजबूत होगी. वन अधिकार समिति, जनप्रतिनिधियोंकर्मचारियों के सहयोग की .

एक नजर में

राजस्व विभाग में बड़ा फेरबदल

नर्मदापुरम, 7 जुलाई. जिले के राजस्व विभाग में बड़े स्तर पर प्रशासनिक फेरबदल किया गया है. कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से तहसीलदारों व नायब तहसीलदारों के तबादले और नई पदस्थापनाओं के आदेश जारी किए हैं. आदेश के तहत नगर तहसीलदार सरिता मालवीय को सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख कार्यालय भेजा गया है, जबकि सुनील शर्मा को नगर तहसीलदार बनाया गया है. नगर, नर्मदापुरम ग्रामीण, माखननगर, डोलरिया, इटारसी, पिपरिया, बनखेड़ी, सोहागपुर, सिवनीमालवा और शिवपुर तहसीलों में भी नए तहसीलदार एवं नायब तहसीलदारों की नियुक्ति की गई है. प्रशासन का कहना है कि इस बदलाव से राजस्व कार्यों में तेजी आएगी, विभागीय समन्वय बेहतर होगा और आम नागरिकों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सेवाएं मिल सकेंगी.

राजेश शुक्ला बने एडीएम, नितिन टाले को सिटी मजिस्ट्रेट का प्रभार

नर्मदापुरम, 7 जुलाई. कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी सोमेश मिश्रा ने प्रशासनिक कार्यों के प्रभावी और त्वरित संचालन के लिए आईएएस एवं राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के कार्यों का नया विभाजन करते हुए आदेश जारी किए हैं. आदेश के अनुसार अपर कलेक्टर राजेश शुक्ला को अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी (एडीएम) नियुक्त किया गया है. संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले को सिटी मजिस्ट्रेट, स्थापना शाखा, डूडा, नजूल अधिकारी और जिला अस्पताल सहित कई महत्वपूर्ण शाखाओं का प्रभार सौंपा गया है. अपर कलेक्टर अनिल जैन को भू-अभिलेख, भू-अर्जन और वन प्रबंधन की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं डिप्टी कलेक्टर नीता कोरी और सरोज परिहार को विभिन्न प्रशासनिक शाखाओं का दायित्व सौंपा गया है. इसके अलावा आकिब खान को एसडीएम पिपरिया, निलेश शर्मा को इटारसी, विजय राय को सिवनीमालवा, देवेंद्र प्रताप सिंह को नर्मदापुरम तथा डॉ. बबीता राठौर को सोहागपुर का एसडीएम नियुक्त किया गया है.

राज्य शिक्षा केंद्र ने बढ़ाई तिथि, जारी किए निर्देश

हरदा , 7 जुलाई. शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के तहत शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए निजी विद्यालय नवीन मान्यता एवं मान्यता के नवीनीकरण हेतु अब 10 जुलाई तक आवेदन कर सकेंगे। राज्य शिक्षा केंद्र, स्कूल शिक्षा विभाग ने आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाते हुए इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं. निजी विद्यालय विलंब शुल्क के साथ निर्धारित तिथि तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे. उल्लेखनीय है कि पूर्व में आवेदन की अंतिम तिथि 20 जनवरी 2026 निर्धारित थी, लेकिन अशासकीय विद्यालय समय-सीमा के भीतर आवेदन नहीं कर सके थे. विद्यार्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए राज्य शिक्षा केंद्र ने निजी विद्यालयों को यह अंतिम अवसर प्रदान किया है.

कांग्रेस कमेटी बनखेड़ी की नई कार्यकारिणी घोषित

बनखेड़ी, 7 जुलाई. जिला प्रभारी एवं पूर्व विधायक संजय शर्मा, जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत (गुड्डन) पांडे, पिपरिया विधानसभा प्रभारी राजीव पालीवाल तथा ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष आनंद पलिया की सहमति एवं अनुमोदन से ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बनखेड़ी की नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई. नई टीम के गठन पर वरिष्ठ नेताओं ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए संगठन की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने, बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने तथा आमजन की समस्याओं के समाधान के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का आह्वान किया.

भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन की बड़ी कार्यवाही

- इटारसी में 530 वर्गफुट शा0 जमीन को कराया अतिक्रमण मुक्त

नवभारत न्यूज़

इटारसी, 7 जुलाई. कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देश पर शासकीय भूमि पर अवैध कब्जे के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई लगातार जारी है. इसी क्रम में एसडीएम इटारसी नीलेश शर्मा के निर्देश पर राजस्व विभाग और नगर पालिका की संयुक्त टीम ने इटारसी शहर स्थित भूमि शीट नंबर-42, खसरा नंबर-1.396 हे. शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाकर करीब 10 लाख रुपये कीमत की 530 वर्गफुट जमीन को अतिक्रमण मुक्त कराया. प्रशासनिक टीम पहले मौके पर पहुंची और अतिक्रमणकारियों को समझाइश दी. इसके बाद जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से अवैध निर्माण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई. पूरी कार्रवाई तहसीलदार सुनीता साहनी के नेतृत्व में संपन्न हुई.मौके पर पर्याप्त प्रशासनिक अमला और नगर पालिका का दल तैनात रहा. अधिकारियों के अनुसार कार्रवाई पूरी तरह शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से की गई.

एसडीएम नीलेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि शासकीय भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अतिक्रमणों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा. प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे शासकीय भूमि पर अवैध निर्माण न करें। यदि ऐसा पाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी.

आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

हरदा , 7 जुलाई. पुलिस अधीक्षक शशांक ने दो प्रकरणों में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित किया है। उन्होंने थाना टिमरनी के अपराध क्रमांक 180/2026, धारा 326(फ) बीएनएस के फरार आरोपी मुन्ना खान पिता गफ्फार खान निवासी पोखरनी तथा थाना हंडिया के अपराध क्रमांक 245/2026, धारा 137(2) बीएनएस के फरार अज्ञात आरोपी की तलाश एवं गिरफ्तारी के लिए 3-3 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है. आरोपियों की गिरफ्तारी संभव हो सके, उसे घोषित इनाम राशि प्रदान की जाएगी.

बाइक चलाकर ने मारी टक्कर युवक गंभीर घायल , भोपाल रेफर

नर्मदापुरम, 7 जुलाई. शहर के समीपस्थ पवारखेड़ा बस्ती में रविवार को एक बाइक चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाकर युवक को टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर घायल हो गया. उसे मधुबन हॉस्पिटल बुधनी ले जाया गया लेकिन वहां से एम्स भोपाल रेफर कर दिया गया.

जहां आईसीयू में उसका ईलाज चल रहा है. पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है. पुलिस का कहना है कि मोटरसाइकिल चालक का पता कर लिया है. एक्सीडेंट में उसे चोट आई है फिलहाल वह नर्मदा हॉस्पिटल में एडमिट है. उसके बयान लिए जा रहे हैं और नोटिस जारी कर उसे गिरफ्तार करने की कार्यवाही की जाएगी.गौरतलब है कि फरियादी दीपक भल्लावी ने मामला दर्ज कराया था. दुर्गेश संतोरे पवारखेड़ा बस्ती इटारसी मेन रोड़ के किनारे मंदिर के सामने बैठकर मोबाईल चला रहे थे कि तभी नर्मदा पुरम तरफ से एक मोटर सायकल चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते दीपक एवं दुर्गेश संतोरे को टक्कर मार दिया .

शासकीय सांदीपनि विद्यालय का आकस्मिक निरीक्षण

- स्वच्छता, नामांकन, फर्नीचर एवं खेल मैदान विकास को लेकर दिए आवश्यक निर्देश

सिवनी मालवा. 7 जुलाई. सिवनी मालवा के शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने मंगलवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की स्वच्छता व्यवस्था का जायजा लेते हुए परिसर को साफ-सुथरा एवं व्यवस्थित बनाए रखने के निर्देश दिए.

निरीक्षण के दौरान विद्यालय में कक्षावार छात्र-छात्राओं के नामांकन की समीक्षा भी की गई. अधिक विद्यार्थी संख्या वाली कक्षाओं के लिए अतिरिक्त शिक्षकों की आवश्यकता पर चर्चा करते हुए उन्होंने विद्यालय प्रबंधन से संबंधित प्रतिवेदन तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए, ताकि शासन स्तर पर आवश्यक कार्रवाई कराई जा सके.

नगर पालिका अध्यक्ष रितेश जैन ने कक्षा 9 वीं से 12 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 430 डेस्क-कुर्सियों की व्यवस्था शासन से कराने का आश्वासन दिया। साथ ही विद्यालय के पीछे स्थित खेल मैदान के विकास के लिए आवश्यक धनराशि उपलब्ध कराने तथा शासन स्तर पर इसके लिए हरसंभव प्रयास करने की बात कही.इस अवसर पर प्रभारी प्राचार्य अनिल मसीह, बीएसी संतोष शर्मा एवं प्रधान पाठक शेख रईश कुरैशी सहित विद्यालय का स्टाफ उपस्थित थे. विद्यालय प्रशासन ने नगर पालिका अध्यक्ष को विद्यालय की आवश्यकताओं एवं समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने सकारात्मक पहल का भरोसा दिलाया.

जनसुनवाई 152 आवेदकों की समस्याओं का हुआ समाधान

जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों पर अधिकारी तत्परता से करें कार्यवाही : कलेक्टर

नवभारत न्यूज़

नर्मदापुरम, 7 जुलाई .कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मंगलवार को आयोजित जिला स्तरीय जनसुनवाई में कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुना तथा कई प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण किया.जनसुनवाई में राजस्व, भूमि विवाद, अवैध कब्जा, सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, शिक्षा, रोजगार, बिजली, पानी, स्वच्छता सहित विभिन्न विभागों से संबंधित 152 शिकायतें प्राप्त हुईं।

कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त सभी शिकायतों का समय-सीमा निर्धारित कर गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए. जनसुनवाई में सोहागपुर निवासी जीजन बाई ने अपनी भूमि पर अवैध कब्जे की शिकायत प्रस्तुत की. कलेक्टर ने मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम सोहागपुर को निर्देश दिए कि भूमि का सीमांकन कर अवैध कब्जा पाए जाने पर तत्काल हटाने की कार्रवाई करें तथा एक सप्ताह के भीतर विस्तृत पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें.

इसी प्रकार तहसील बनखेड़ी की ग्राम पंचायत पीपरपानी निवासी सुशील कुमार शुक्ला ने शासकीय भवन के जर्जर होने एवं उस पर अवैध कब्जे की शिकायत दर्ज कराई.

दिव्यांग आवेदकों के बीच स्वयं पहुंचे कलेक्टर,

जनसुनवाई के दौरान कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने संवेदनशीलता का परिचय देते हुए दिव्यांगजनों की समस्याएं सुनने स्वयं भूतल स्थित जनसुनवाई कक्ष पहुंचे. उन्होंने दिव्यांग आवेदकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. माखननगर निवासी लखनलाल ने अपने पुत्र को सांदीपनि विद्यालय में प्रवेश नहीं मिलने की शिकायत की. कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को मामले की जांच कर पात्रता अनुसार छात्र का प्रवेश सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए. नर्मदापुरम निवासी मोहम्मद शाहरुख ने अपनी योग्यता के अनुरूप रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया. इस पर कलेक्टर ने जिला रोजगार अधिकारी को आवेदक की पात्रता के अनुसार आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए. तहसील माखननगर की दिव्यांग आवेदिका मनीषा अहिरवार ने उपचार हेतु आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने का आवेदन प्रस्तुत किया. कलेक्टर ने संबंधित विभाग को आवेदिका का शीघ्र उपचार सुनिश्चित कराने तथा पात्रता अनुसार दिव्यांगजन पेंशन का लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए. इसके अतिरिक्त उन्होंने आवेदी का को अपने निवास स्थल तक पहुंच जाने के निर्देश भी उपस्थित अधिकारियों को दिए .कलेक्टर से प्राप्त निर्देश अनुसार दिव्यांग आवेदिका को निवास स्थल शासकीय से पहुंचाया गया.

कलेक्टर ने जनसुनवाई में सुनी समस्याएं

हरदा ,7 जुलाई. कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने मंगलवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आए नागरिकों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके शीघ्र निराकरण के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अंजली जोसेफ जोनाथन, अपर कलेक्टर पुरुषोत्तम कुमार, संयुक्त कलेक्टर रजनी वर्मा, डिप्टी कलेक्टर असवनराम चिरामन, एसडीएम टिमरनी संजीव कुमार नागू, एसडीएम खिरकिया शिवांगी बघेल सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित रहे.

जनसुनवाई में दूधकच्छकला निवासी सिमरन ने जाति प्रमाण-पत्र बनवाने के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) हरदा को पात्रता अनुसार प्रमाण-पत्र जारी करने के निर्देश दिए गए। खिरकिया निवासी रामभरोस राजपूत ने सेवानिवृत्ति उपरांत देय स्वत्वों के भुगतान के संबंध में आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार खिरकिया को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए. ग्राम तजपुरा निवासी भगवत सिंह ने अपनी कृषि भूमि का सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया, जिस पर तहसीलदार टिमरनी को समस्या के निराकरण के निर्देश दिए गए.

ग्राम रेसलपुर निवासी भूरी बाई ने बारिश के पानी से क्षतिग्रस्त मकान का मुआवजा नहीं मिलने की शिकायत की. इस पर तहसीलदार हरदा को मौके पर जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए.